दिन– रविवार दिनांक– 23 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्र भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के तीन वीर क्रांतिकारियों– शहीद–ए–आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को आज श्रद्धांजलि दे रहा है। देश के इन तीन वीर सपूतों को वर्ष उन्नीस सौ इकतीस में आज ही के दिन लाहौर के केंद्रीय कारागार में फांसी दे दी गई थी। इन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों को लाहौर में ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जे.पी. सॉन्डर्स की हत्या के आरोप में सत्रह दिसंबर उन्नीस सौ अट्ठाईस को मौत की सजा सुनाई गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शहीद दिवस पर इन तीनों स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए श्री मोदी ने इन क्रांतिकारियों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता और न्याय के लिए क्रांतिकारियों का अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद

खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कारगिल चौक के पास स्थित शहीद–ए–आजम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राजकीय समारोह में श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

आज प्रसिद्ध दार्शनिक और राजनेता राम मनोहर लोहिया की जयंती पर राष्ट्र उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में डॉ. लोहिया को दूरदर्शी नेता बताया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के कंकड़बाग में आयोजित समारोह में डॉक्टर लोहिया को श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीस मार्च को गोपालगंज आयेंगे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि श्री शाह एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। श्री राय ने गोपालगंज में सभा स्थल के लिए

अधिकारियों के साथ स्थान का निरीक्षण किया। कार्यक्रम का आयोजन निर्माणाधीन पुलिसलाईन मैदान में किया जायेगा।

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बांका में कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर लगातार बिहार का विकास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। गिरिराज सिंह आज पूर्व सांसद जनार्दन यादव की पत्नी सावित्री देवी के निधन पर उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे थे। संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि विकास के मुद्दे पर नीतीश कुमार का स्थान कोई नहीं ले सकता है।

———————————————————————

देश में बिहार दिवस पर आज दूसरे दिन भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य राजकीय समारोह पटना के गाँधी मैदान में आयोजित किया गया है। जहाँ आज भी कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

———————————————————————————

गया में आज बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान– बिपार्ड में एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में राज्य आयोगों और न्यायाधिकरणों के समक्ष आने वाली चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में 17 विभिन्न राज्यों से लगभग 180 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत नेशनल हाईवे–31 पर आज सुबह एक चरपहिया वाहन सड़क डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इस हादसे में दो भाइयों समेत चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बने रहने के कारण भागलपुंर, बांका, जमुई, मुंगेर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा समेत कई क्षेत्रों में बारिश हो सकती है।

———————————————————————————

समाप्त